संसद सदस्यों ने सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 31 अक्तूबर, 2014: प्रधान मंत्री, श्री नरेन्द्र मोदी, लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; केन्द्रीय विदेश मंत्री और प्रवासी भारतीय कार्य मंत्री श्रीमती सुषमा स्वराज; शहरी विकास, आवास और शहरी गरीबी उपशमन मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री श्री एम. वेंकैय्या नायडू; केन्द्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री डा. नज़मा ए. हेपतुल्ला; लोक सभा के उपाध्यक्ष डा. मुनिसामी तम्बिदुरई; और पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री लाल कृष्ण आडवाणी ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर संसद भवन में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

सरदार पटेल को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य विशिष्टजनों में संसद सदस्य और पूर्व संसद सदस्य शामिल थे । लोक सभा के महासचिव, श्री पी.के.ग्रोवर और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शैरिफ ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धा-सुमन अर्पित किए ।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई । भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 23 अप्रैल, 1958 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र का अनावरण किया था ।